# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| PREMID TERM EXAMINATION- 2025-26 | | |
|---|---|---|
| CLASS-IX | SUBJECT- HINDI (2ND LANG.) | MAX. MARKS: 30 |
| Date: 15.05.25 | SET: II | Time: 1 hour |

*General Instructions:*
*1. All questions are compulsory.*
*2.The question paper consists of* 6 *questions divided into 4 Sections.*
*3.There is no overall choice. However, internal choices have been provided.*
*4.This question paper consists of 3 printed pages.*

## खंड – क

1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

दिल्ली पुस्तकों की 'अंतर्राष्ट्रीय राजधानी' घोषित कर दी गई है l यहाँ प्रगति मैदान में प्रति वर्ष दो बार पुस्तक-मेला आयोजित किया जाता है l फरवरी माह में लगने वाला मेला 'अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक-मेला' होता है, जिसमें देश-विदेश के विभिन्न प्रकाशक अपनी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाते हैं l वर्ष में दूसरी बार यह मेला अपने देश के प्रकाशकों को समर्पित होता है l इसका आयोजन प्रायः अगस्त या सितंबर माह में किया जाता है l पहले यह हर वर्ष 14 सितंबर को ही प्रारंभ किया जाता था l मेले में उमड़ती लाखों की भीड़ इस मेले की लोकप्रियता का पक्का सबूत है l विशेष रूप से शनिवार और रविवार को तो मानो लोगों का समुद्र ही उमड़ पड़ता हैl विभिन्न लेखकों को पुस्तकों के विमोचन के लिए बुलाया जाता है, जिनसे मिलने उनके प्रशंसक भी पहुँचते हैं l मेले में एक ही छत के नीचे लगभग हर विषय का प्राप्त हो जाना इस मेले को विशेष लोकप्रिय तथा उपयोगी बनाता है l वैसे तो प्रकाशक ग्राहकों को अपनी पुस्तकों के क्रय पर छूट देते ही हैं, परंतु अंतिम दिन तो यह छूट इतनी अधिक होती है कि देर शाम तक लोग किताबें खरीदने में जुटे रहते हैं l

(i) दिल्ली में पुस्तक मेला कहाँ पर लगता है? (1)

(क) जनकपुरी (ख)प्रगति मैदान (ग) फतेहपुरी (घ) टाउन हॉल

(ii) वर्ष में दूसरी बार लगने वाला पुस्तक-मेला किसे समर्पित होता है? (1)

(क) अध्यापकों को (ख) वकीलों को (ग) प्रकाशकों को (घ) डॉक्टरों को

(iii) इस पुस्तक मेले में विभिन्न लेखकों को क्यों बुलाया जाता है? (1)

(क) भीड़ को सँभालने के लिए (ख) भाषण देने के लिए
(ग) पुस्तकों की बिक्री के लिए (घ) पुस्तकों के विमोचन के लिए

(iv) यह पुस्तक मेला विशेष लोकप्रिय तथा उपयोगी होता है l कैसे? (2)

(v) क्या इन पुस्तक मेलों में ग्राहकों को छूट दी जाती है? स्पष्ट कीजिए - (2)

## खंड-ख

2.(क)कोई दो संयुक्ताक्षर लिखिए। (1)

(ख) निम्नलिखित 'शब्द और पद' पर आधारित तीन में से दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (2)

(i) अब्दुल माँ के लिए सेब लाया था। – रेखांकित को क्या कहेंगे?

(ii) शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए

(iii) ______ में प्रयुक्त शब्द को पद कहते हैं।

(ग) उचित स्थानों पर अनुस्वार या अनुनासिक लगाइए - मण्डल, श्रेणिया। (1)

## खंड-ग

**3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए – (5)**

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर ज़मीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। खरबूज़ों की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बेठ जाता, कभी माँ बैठ जाती। लड़का परसों सुबह मुँह-अँधेरे बेलों में से पके खरबूज़े चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डँस लिया। लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई। झाड़ना-फूँकना हुआ। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ आटा और अनाज था, दान-दक्षिणा में उठ गया। माँ, बहू और बच्चे 'भगवाना' से लिपट-लिपटकर रोए पर भगवाना जो एक दफे चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था।

i. बुढ़िया के लड़के की मृत्यु कैसे हुई?

(क) दुर्घटना से (ख) सर्प के काटने से (ग) बिच्छू के काटने से (घ) ज़हर खाने से

ii. बुढ़िया का बेटा क्या काम करता था ?

(क) दूध बेचता था (ख) कपड़े बुनता था (ग) कछियारी करता था (घ) मकान बनाता था

iii. सर्प के काटने से बुढ़िया ने अपने बेटे को बचाने के लिए किसको बुलाया?

(क) डॉक्टर को (ख) वैद्य को (ग) पड़ोसी को (घ) ओझा को

iv. बुढ़िया का बेटा _________ बरस का था ?

(क) 22 (ख) 33 (ग) 32 (घ) 23

v. 'दुःख का अधिकार' पाठ के लेखक हैं –

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) यशपाल (ग) हरिशंकर (घ) प्रेमचंद

4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए – (3 x 2 = 6)

(क) बुढ़िया की उस विवशता का उल्लेख कीजिए जिसके कारण उसको सूतक में भी खरबूजे बेचने आना पड़ा l 'दुख का अधिकार' पाठ के आधार पर बताइए।

(ख) बाजार के लोग खरबूज़े बेचनेवाली स्त्री के बारे में क्या-क्या कह रहे थे? अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) पहले पद में भगवान और भक्त की जिन-जिन चीजों से तुलना की गई है,उनका उल्लेख कीजिए।

(घ) दूसरे पद में कवि ने 'गरीब निवाजु' किसे कहा है? स्पष्ट कीजिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए – (1 x 3 = 3)

(क)गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया?

(ख) पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है?

## खंड-घ

6.आपका छोटा भाई राहुल परीक्षा में नक़ल करता पकड़ा गया, जिसके लिए उसे दंडित किया गया l उसे समझाते हुए पत्र लिखिए l (5)

अथवा

विदेश यात्रा पर जानेवाले मित्र मोहन /शीतल को उसकी मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए पत्र लिखिए-



☺☺☺☺